B. R. KHOKHAR MEMORIAL SHIKSHAN SANSTHAN KUCHAMAN CITY
Regd. Address: Padampura Road, Kuchaman City-341508 (Didwana-Kuchaman), Rajasthan
(Society Reg. No.: 145/Nagaur/2000-2001)
Contact: 01586-222777, 9549007777 | **Email:** brkeducation@gmail.com | **Website:** www.brkeducation.com

Ref.: **Date:** 22/12/2025

प्रस्ताव

आज दिनांक **22 दिसम्बर 2025** को प्रातः **10:00 बजे, बी. आर. खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान कुचामन सिटी** की **प्रबंध कार्यकारिणी समिति** की बैठक, **अध्यक्ष श्री गोविन्दाराम सेसमा** की अध्यक्षता में, समिति कार्यालय **पदमपुरा रोड, कुचामन सिटी (डीडवाना–कुचामन) राजस्थान** में विधिवत रूप से सम्पन्न हुई।

बैठक में **सचिव श्री महावीर प्रसाद सेसमा** द्वारा अवगत कराया गया कि समिति **(बी. आर. खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान, कुचामन सिटी)** द्वारा **पदमपुरा रोड, कुचामन सिटी (डीडवाना–कुचामन) राजस्थान** स्थित खसरा संख्या **2463/2027, 2025, 2026 एवं 2027** में निम्नलिखित महाविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं:-

1. **बी. आर. खोखर मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय,**
   जिसमें **बी.ए.-बी.एड.** एवं **बी.एस.सी.-बी.एड.** पाठ्यक्रम संचालित हैं।
2. **बी. आर. खोखर मेमोरियल महाविद्यालय,**
   जिसमें **बी.ए.** एवं **बी.एस.सी.** स्नातक पाठ्यक्रम संचालित हैं।

यह भी अवगत कराया गया कि **राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE)** द्वारा शैक्षणिक सत्र **2026–27** से **बी.ए.-बी.एड./बी.एस.सी.-बी.एड.** पाठ्यक्रमों को समाप्त कर उनके स्थान पर **एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (Integrated Teacher Education Programme – ITEP)** लागू किया जाना प्रस्तावित/निर्देशित है।

ITEP पाठ्यक्रम की मान्यता हेतु संबंधित संस्था का **बहु-विषयक (Multidisciplinary) उच्च शिक्षा संस्थान** होना अनिवार्य है। वर्तमान में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं स्नातक महाविद्यालय का संचालन **अलग-अलग नामों** से किए जाने के कारण NCTE द्वारा संस्था को बहु-विषयक शिक्षा संस्थान के रूप में नहीं माना जा रहा है।

अतः NCTE के नियमानुसार दोनों महाविद्यालयों का **संवीलीकरण (Merger)** किया जाना आवश्यक है।

प्रस्ताव पारित

अतः सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया जाता है कि समिति द्वारा संचालित:- **बी. आर. खोखर मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय**, एवं **बी. आर. खोखर मेमोरियल महाविद्यालय** का **संवीलीकरण (Merger)** किया जाए, जिससे संस्था को **बहु-विषयक उच्च शिक्षा संस्थान** के रूप में परिवर्तित किया जा सके तथा **बी.ए.-बी.एड./बी.एस.सी.-बी.एड.** पाठ्यक्रमों को **ITEP** पाठ्यक्रम में रूपांतरित करने हेतु **NCTE** के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया जा सके।

साथ ही, संवीलीकरण (Merger) एवं **NCTE/राज्य सरकार/विश्वविद्यालय** से संबंधित समस्त पत्राचार, आवेदन एवं आवश्यक कार्यवाही करने हेतु **सचिव श्री महावीर प्रसाद सेसमा** को सर्वसम्मति से अधिकृत किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा **सर्वसम्मति** से पारित किया गया।

अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात बैठक समाप्त घोषित की गई।

सचिव	कोषाध्यक्ष	अध्यक्ष
बी.आर.खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान, कुचामन सिटी	बी.आर. खोखर मेमो. शिक्षण संस्थान कुचामन सिटी (नागौर)	बी.आर.खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान, कुचामन सिटी